Reg. No. : ....

Name : ....

S-2205

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY
SAY / IMPROVEMENT EXAMINATION, JUNE – 2023

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । **(5 × 1 = 5)**

1. मातृभूमि का मुकुट क्या है ?

   (सूर्य-चंद्र, फूल-तारे, खग-वृंद)

2. ‘वह भटका हुआ पीर’ किस विधा की रचना है ?

   (कविता, संस्मरण, नाटक)

3. कवि ने कुली को किस प्रकार पहचान लिया ?

   (बाल से, नाम से, नंबर से)

P.T.O.

4. मुरकी किसके साथ भाग गई थी ?

(शहरी लड़का, पुलिस, डॉक्टर)

5. 'अनंगजी का अंतिम क्षण आ पहुँचा था।'

अनंगजी कौन थे ?

(पत्रकार, कवि, अध्यापक)

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मसहरी-सुरक्षा में
ज़मीन पर धूप के
फैलने तक नींद में
पड़ी मैं, मगर नींद के
खुलने के पूर्व ही नोटिस
बैंक की आ धमकी सपने में।

6. सपना देखनेवाली किसकी सुरक्षा में सो रही थी ? **(1)**

7. स्त्री के सपने में क्या आ धमकी ? **(2)**

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। **(6)**

सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें । **(2 × 2 = 4)**

9. “सर्वत्र भारतीय – ही – भारतीय दीख रहे हैं ।” पारामारिबो शहर लेखक को भारतीय शहर जैसा लगा, क्यों ?

10. रजिस्ट्री के पहले किसको खेत देखने की इच्छा हुई, क्यों ?

11. ‘दवा’ कहानी का यह कथन किसने किससे कहा ? “अलमारी में से मेरी कॉपी निकालिए न ।”

सूचना : 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(3 × 4 = 12)**

12. तेरा ग़म, मेरा ग़म

    मेरी जान, तेरी जान

    ऐसा अपना प्यार –

    दोस्ती की विशेषता पर टिप्पणी लिखें ।

13. ये कथन पढ़ें और बादशाह बहादुरशाह ज़फर के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

    - तीन दफ़ा सुनने के बाद भी दिल को करार नहीं आया ।
    - “दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे । वे क्या यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूँ ।”

14. हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

    धन्य है वर्षा

    खेतों में कविताएँ

    बोते किसान

15. जीवन–वृत्त पढ़ें और मैथिलीशरण गुप्त के बारे में एक अनुच्छेद लिखें।

	जीवन–वृत्त	
नाम	:	मैथिलीशरण गुप्त
जन्म	:	1885
जन्मस्थान	:	चिरगाँव, उत्तर प्रदेश
रचनाएँ	:	साकेत, पंचवटी, यशोधरा
पुरस्कार	:	पद्मभूषण – 1954 में
विशेषता	:	भारतीय पुराणों के उपेक्षित कथा प्रसंग एवं पात्रों को लेकर काव्य

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न संख्या 16 और 17 के उत्तर लिखें।

आज कोई खुद को बिलकुल अलग नहीं सोच सकता क्योंकि सभी राष्ट्र और लोग एक दूसरे से बड़ी समीपता से जुड़े हुए हैं। शांति को अविभाज्य कहा गया है। इसी तरह से स्वतंत्रता भी अविभाज्य है। समृद्धि भी और विनाश भी। अब इस दुनिया को छोटे–छोटे हिस्सों में नहीं बाँटा जा सकता। हमें स्वतंत्र भारत का महान निर्माण करना है, जहाँ उसके सारे बच्चे रह सकें।

16. नेहरूजी द्वारा किसको अविभाज्य कहा गया है ? **(2)**

17. खंड का संक्षेपण करें। **(6)**

सूचना : 18 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(3 × 6 = 18)**

18. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

जबहीं बन मुरली स्रवन परी ।
चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं ।।
कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं ।
स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की ढरनि ढरीं ।।
सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करीं ।
'सूरदास' प्रभु मन हरि लीन्हों नागर नवल हरी ।।

19. बेटी की शादी के लिए पिता को ज़मीन बेचनी पड़ी । वे अपनी विवशता मित्र को लिखते हैं । संकेतों के आधार पर वह पत्र लिखें ।

- ज़मीन से लगाव
- रजिस्ट्री के पहले ज़मीन पर जाना
- दोनों विदाइयों पर दुःख

20. अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और हिन्दी में अनुवाद करें ।

Nehruji was born in Allahabad. His father was Motilal Nehru and mother Swaruparani. Nehru had his primary education at home. Later he went abroad for higher studies.

[born – जन्म, primary education – बुनियादी शिक्षा, abroad – विदेश, higher studies – उच्चतर शिक्षा]

21. बारहवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन फरवरी–2023 को फिजी (Fiji) में हो रहा है। उसके लिए उचित पोस्टर तैयार करें।

22. मुरकी की शादी के संबंध में माँ और कुमार के बीच की बातचीत लिखें।

- मुरकी की शादी तय करना
- वर के रूप में दूजा
- शहरी लड़के से प्यार
- रातोंरात भाग जाना

23. सही मिलान करें। **(1 × 8 = 8)**

Atom	–	बट्टा
Zoology	–	प्रमाणपत्र
Atmosphere	–	दर्शनशास्त्र
Energy	–	गुरुत्वाकर्षण
Certificate	–	जंतुविज्ञान
Gravitation	–	वायुमंडल
Discount	–	ऊर्जा
Philosophy	–	परमाणु

सूचना : 24 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(2 × 8 = 16)**

24. नटराज कंपनी की ओर से एक नया साइकिल बाज़ार में आया है । उसकी बिक्री बढ़ाने के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- नया मॉडल
- कम दाम
- आकर्षक रंग
- गियरवाला साइकिल

25. लेखक विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने के लिए सूरीनाम में पहुँचे । सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के बाद वे उस दिन की डायरी लिखते हैं । वह डायरी लिखें ।

- सम्मेलन के अनुभव
- राष्ट्रपति का भाषण
- हिन्दी का प्रचार
- सूरीनाम और भारत के बीच आत्मीय संबंध

26. बेबे कहती – "तू पानी पिलाया कर, पुण्य मिलता है ।" 'वह भटका हुआ पीर' नामक पाठ का स्कूटरवाला आत्मकथांश लिखता है । वह तैयार करें ।

- माँ का उपदेश
- यात्रियों को पानी पिलाना
- अपने मन का बादशाह